आर्योंका प्रकृतिप्रेम विख्यात रहा है। उसके द्वारा सौंदर्यानुभूतिजनित आनन्दसे मानव उत्प्रेरित होता आया है। कलाका जन्म भौतिक आवश्यकताओंमें होता है। रसज्ञ उसे आत्मस्थ सौंदर्यका उद्‌बोधक मानता है। बाह्य प्रेरणाप्रद निमित्तसे अन्तरंगके अमूर्त भावोंको अतुलनीय बल मिलता है। भारतीय कलाके पीछे एक निश्चित प्रेरणाशील और ऊर्जस्वल विचारकी सुदृढ परम्परा सन्निहित है। मानवकी सामूहिक वृत्ति धर्ममें केन्द्रित होनेके कारण, कलाका विकास धर्मके द्वारा ही हुआ है। मन्दिर, गुफाएं, प्रतिमाएं आदि भावमूलक शिल्प-कृतियां उसीकी परिणति हैं। जब संस्कृति, कलाके द्वारा प्रकृतिकी मनोरम गोदमें अपनी अपनी अस्मिताको मूर्त करती है तब उसके सौंदर्य प्रदर्शनकी क्षमता तो वृद्धिंगत होती ही है, साथ ही उसका सुकुमार भावप्रेरक आनन्द भी द्विगुणित होकर अतीन्द्रिय सिद्ध हो जाता है। वास्तवमें साधक अपनी चिर साधना नीरव स्थानमें ही कर, साध्य तक पहुंच सकता है।

प्रकृति उसके लिये महती प्रेरणाकी स्रोतस्विनी है। वह सात्विक वृत्तियोंकी ओर सूक्ष्म संकेत भी करती है। ऐसे नैसर्गिक स्थानोंमें व्यक्ति सांसारिक वृत्तिको विस्मृत कर अन्तर्मुखी चित्तवृत्तिमें तन्मय हो जाती है जो जीवनका चरमोत्कर्ष है। वाणीका गंभीर मौन साधककी अन्तश्चेतनाको जागृत कर, स्फूर्तिप्रद व आत्मबलवर्द्धक शक्तियोंका सूत्रपात करता है। वही मानवताकी सुदृढ़ आधार शिला है। भारतीय अध्यात्मवादकी उत्प्रेरक भावना प्रारंभ कालसे ही समाजमूलक रही है।

सीमित आवश्यकताओंमें जिन दिनों सांसारिक वृत्ति व्याप्त थी, उन दिनों सापेक्षतः जीवन शान्तिमय था किन्तु केवल आवश्यकताओंको ही साध्य मान कर जबसे मनुष्यने जीवनदान प्रारंभ किया है तबसे आन्तरिक शान्तिका लोप ही नहीं अपितु आध्यात्मिक प्रेरणाके स्थानसे भी च्युत हुए जा रहा है। वैचारिक परम्पराका अनुभवजन्य ज्ञान अन्तर्मानसमें तब ही उदित होता है जब कभी प्राचीन खंडहर या गिरिकंदराओंमें बिखरी हुई या ध्वस्त कलात्मक संस्कृतिके बीच खडे होते हैं। वहां विगत वंदनीय विभूतियोंका मधुर स्मरण होता है। मेरे मुनिजीवनमें ऐसी अनेक घटनाएं घटीं हैं जिनसे हृदय पर बहुत ही आघात लगा और प्रतीत हुआ कि आजके सर्व साधनसंपन्न युगमें जितना राजनैतिक दासत्व स्वीकार किया उससे हमारी पारम्पिरिक व चिरपोषित कलात्मक वृत्ति एवं रसज्ञताको निष्कासन मिला। आश्चर्य इस बातका है कि जो भावमूलक अंतश्चेतना किसी समय पूर्व पुरुषोंके दैनिक जीवनमें साकार थी वही आज हमारे जीवनसे दिनानुदिन विलुप्त हुई जा रही है, कारण कि हम प्रत्येक वस्तुको

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गंभीरतापूर्वक देखनेका प्रयत्न ही कहां करते हैं? तभी तो हमारी जैन संस्कृतिके भव्य भालको उज्जवल करनेवाले शताधिक प्रतीक अरक्षित–उपेक्षित दशामें पडे हैं, अपना सौंदर्य अरण्यमें बिखेर कर भूमिसात् हो रहे हैं। सहृदय अन्वेषकको ये कब तक प्रतीक्षा करते रहेंगे? मैं इस निबंधमें एक ऐसे ही, शताब्दियोंसे उपेक्षित खंडहरकी कीर्त्तिगाथा सुनाने जा रहा हूं।

भोजपुरकी ओर–पुरातत्त्वके प्रति स्वाभाविक आकर्षणके कारण मध्यप्रदेशसे भोपाल आने पर प्राचीनतम खंडहर व शिल्प–भास्कर्यमूलक कलाकृतियोंकी गवेषणा करनेसे सांचीके उपरान्त भोजपुरका नाम भी कर्णगोचर हुआ और प्रमुख संचालककोंसे ज्ञात हुआ कि भोजपुरके अवशेष भोपालके खंडहरोंमें महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। अतः उनका अन्वेषण नितान्त आवश्यक ही नही, अपितु अनिवार्य है। स्थानीय कलाकारों द्वारा मुझे प्रेरित किया गया कि बिना भोजपुर देखे भोपालके हार्दको समझा नहीं जा सकता। इसके संबंधमें विभिन्न प्रकारकी किंवदन्तियां सुन चुका था। पर वहांके वनराजोंके प्रकोपसे भी मैं अपरिचित न था। भोपाल सरकारके सुयोग्य प्रधानमंत्री श्री डा० शंकरदयालजी शर्माने मुझे आश्वस्त किया कि मैं भोजपुर अवश्य जाऊं। उचित सभी प्रकारकी व्यवस्था सरकार करेगी। चातुर्मास बाद ता. १०–१२–५३ को मैं तरुण बाबू घेवरचन्दजीके साथ अतीतकी ज्योतिके दर्शनार्थ पैदल चल पडा।

प्रकृतिके प्रांगणमें–कलाकरका नैसर्गिक निखार प्रकृतिकी सुरम्य आभामें उद्दीपित होता है। भोजपुर इसका अपवाद नहीं। भोपालसे ओ बेदुल्लागंजके मार्ग पर मिसरोदसे कुछ आगे चिखलोदकी ओर एक शाखा फूटती है जिस पर लगभग ४ मीलसे कुछ अधिक जाने पर पुनः दाहिने हाथकी ओर मुडने पर जो कच्चा मार्ग है वही टेढी-मेढी पगडंडियोंसे होता गन्तव्य स्थान पर पहुंचता हुआ गोहरगंजकी ओर जाता है। चिरपोषित मनोकामना लिए उत्साहके साथ हम लोग आगे बढे जा रहे थे। मार्गकी विलक्षणता अपरिचित पथिकको लक्ष्यभ्रष्ट करनेवाली वृत्ताकार थी, उन पगडंडियोंको पार करते हुए, बंगरसियासे जो मार्ग जाता है वह यद्यपि विशाल वृक्षोंसे परिवेष्टित तो नही है किन्तु झाडी–झुरमुट इतने अधिक हैं कि दिनको भी एकाकी जानेका साहस संचित करना होगा। बांई और छोटीसी पहाडी और दाहिनी और कलियासोत है जो वेत्रवतीसे आ मिलता है। कहीं कहीं जनशून्य एकान्त भ्रमित कर सकता है। ज्यों ही आगे बढे त्यों ही बांई ओरकी पहाडकी एक दीवार पर दृष्टि पडी। गढ़े–गढ़ाए सुगठित प्रस्तर व्यवस्थितरूपसे अवस्थित थे, जो भित्तिका भव्यरूप धारण किये थे। इसकी चौडाई २० फीटसे कम न होगी। महाराजा भोजने इसे कालीयसोतको रोकनेको बनवाया था। एक स्थान पर बांध तोडनेका असफल प्रयास भी परिलक्षित हुआ। जंगलसे होता हुआ बांध कहीं कहीं मार्गसे इतना सटा है कि दिनको भी हिंस्र पशुओका मिल जाना असम्भव नहीं। छोटी सघन झाड़ियां जंगलसे कहीं अधिक भयप्रद प्रमाणित हो सकती है। और इस मार्गमें कोई व्यावसायिक गांव न पड़नेसे आवा-

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गमन भी सीमित है। बांधकी दीवाल भोजपुरके मन्दिर तक चली गई है। इतना विस्तृत, सुदृढ़ और सुन्दर बांध तात्कालिक जानतिक सुविधाओंके प्रति शासनकी जागरुकताका स्मरणीय प्रतीक है। बंगरसिया गांव इसी बांधकी सुदृढ़ दीवाल पर बसा जान पड़ता है। बांधकी व्यापक परिधिको देखते हुए ज्ञात होता है कि उन दिनों जल–स्थगन-कला कैसी उच्च सीमा तक पहुंच चुकी थी? मौर्यकालमें भी अशोक द्वारा सिंचाईके लिये नहरोंकी व्यवस्था थी। मोहन–जो–दारो तथा नालन्दाके खण्डहरोंमें बनी नालियां क्रमशः नगरनिर्माण कलाकी विकासात्मक परम्पराकी और इंगित करती है। प्रस्तुत बांधका जितना उन दिनों सांस्कृतिक महत्त्व था उससे भी कहीं अधिक आज उसका कलात्मक गौरव है। प्रेक्षकको आश्चर्य होता है कि वर्षों तक अरक्षित, उपेक्षित रहनेके पश्चात् आज भी ऐसा लगता है कि इसमें कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। कुछ परिवर्तनके साथ भविष्यमें सिंचाईके लिए इसका उपयोग किया जा सकता है। बान्धकी दीवालके पीछे घने वन हैं। यद्यपि कीरतपुरसे एक मील कुछ मेदानका भाग पड जानेसे बांध तिरछा हो चला है जो भोजपुरके मन्दिर तक चला गया है। गाड़ीदानके दाहिनी ओर कालियासोत प्रवाहित है। कीरतपुरके समीप आने पर छोटीसी टेकरी पर बना मन्दिर दिखलाई पड़ता है जो किसी समय सम्पूर्ण मालवका पुनित श्रद्धा केन्द्र था। हजारोंकी धार्मिक भावना तो आज भी इसके साथ जुड़ी हुई है। निःसन्देह आध्यात्मिक साधना और लोकचेतनाको उद्दीपित करनेवाला यह ध्वस्त कलामन्दिर सहृदय प्रेक्षक और कलाकारको स्पंदित करता है। पत्थरोंकी जाज्वल्यमान कलात्मक परम्परा सचमुच दूरसे ही जनमन उन्नयन कर सौंदर्यमूलक दृष्टि प्रदान करती है। दूरसे ही इस खण्डहरके शिल्पियोंके प्रति श्रद्धा उत्पन्न होती है, वह मन्दिरके निकट जाने पर अविस्मरणीय भावनाके रूपमें परिवर्तित हो जाती है। कीरतपुर ग्राम सचमुच भोजपुरकी उदात्त व उज्ज्वल कीर्तिका प्रतीक जान पड़ता है। निश्छल कीर्तिका प्रकाश श्रद्धालु और बुद्धिजीवियोंको विशिष्ट प्रकारकी प्रेरणा देता है। हरे भरे लहलहाते खेत, पहाड़ी और वनमें अठखेलियां लेती हुई प्रकृति भोजपुरके पार्थिव सौंदर्यको सहज भावसे आत्मसात् करनेको प्रेरित करती है। सहसा वाणी मुखरित हो उठती है। प्रकृति और संस्कृतिके समन्वयात्मक संगम पर कलाका यह क्षेत्र मानव साधनाका पुनित धाम है। परिस्थितिजन्य यह निर्माण स्थायी प्रेरणाका एक ऐसा स्रोत है जिसके प्रवाहकी प्रत्येक शाखा ओज, बल और सौन्दर्यसे परिप्लावित है। किसी समय सुमधुर घंटानादकी प्रतिध्वनि प्रकृतिके नीरव क्षेत्रमें गुञ्जरित होती होगी किन्तु आज वहां मानव ध्वनि भी कठिनतासे ही सुनाई पड़ती है।

वेत्रवती[1]को चीरकर उन लघुतम चट्टानों पर चढ़ना पड़ता है जिसकी सर्वोच्च शिला पर

१. श्री नन्दलाल डे द्वारा रचित 'एइयन्ट ज्योग्राफीकल डिक्शनरी' में साबरमतीकी एक शाखा वेत्रवती—वात्रक माना है – वृत्रघ्नि भी माना है।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लाखों व्यक्तियोंका साधना, सौन्दर्य और श्रद्धा स्थान सुनिर्मित है। सचमुच कलाकारोंने इसे खूब चुना है। मीलों तकका भूभाग पहाड़ियोंसे परिवेष्टित है। शस्यश्यामला खेतकी पृथ्वी किसी समय मानसका उन्नयन करती थी किन्तु आज वह हृदयको अतीतकी उर्जस्वल रेखाओंमें समेट लेती है। भावावेश और ज्ञानचेतनाका संचित पुंज प्रवाहित होने लगता है। प्राकृतिक दृश्य वाणीका मौन सहन नहीं कर सकता। भावनाका झरना कविताके रूपमें फूट पड़ता है। उद्दीपित रसवृत्ति खण्डित पत्थरोंमें चिरसंचित मानवताकी अनुभूति प्राप्त करती है।

उत्तर भारतका सोमनाथ--चट्टान पर चढ़ते ही छोटी मोटी समाधियों पर दृष्टि केन्द्रित होती है, जो विगत महन्तोंकी बताई जाती है। समाधियोंकी परिधि व भव्य जगती (नींवके ऊपरका भाग)को देखकर मन्दिरकी विशालताका आभास होता है। मन्दिरके ऊर्ध्व स्थानमें जानेके दाहिनी ओर सती स्मारक और बांई ओर कथित समाधियां हैं। जो सीढ़ियां उपर जानेकी हैं वे अर्वाचीन हैं। ऊपर जाने पर दर्शकके हृदय पर कोई विशेष प्रभाव डाल सके वैसा कुछ भी आकर्षण नहीं है। दोनों ओर अत्यन्त जर्जरित दीवालें और दालानें आधुनिक ढंगकी बना दी गई है, तथा मध्यमें सामान्य दो मन्दिर कतिपय प्राचीन अवशेषोंको लेकर किये हैं। भोजपुरकी पर्याप्त स्थिति सुननेके पश्चात् कल्पनाशील कलाकारके मन पर जैसा प्रथम प्रभाव पड़ना चाहिए, इन अर्वाचीन मन्दिरोंसे नहीं पड़ पाता। ये मन्दिर शंकर मन्दिरके सभा-मण्डप (प्रांगण)में बने हैं। इनके पृष्ठ भागमें अत्यन्त विशाल कलापूर्ण और भव्य प्रासादके अवशेष हैं। इसकी रचनाशैली, विशालता, सूक्ष्मकोरणी (पच्चीसकारी) देखकर सहसा मुखसे निकल पड़ता है कि सचमुच वह उत्तरभारतका सोमनाथ है। सोमनाथमें समुद्रका गर्जन गाम्भीर्य है तो भोजपुरमें वेत्रवतीका स्निग्ध माधुर्य। मध्यभारतका भगवान भूतनाथका भव्य भवन, भारतीय शिल्पभास्कर्य और मूर्तिकलाका उत्तुंग प्रासाद, उत्कृष्ट स्थापत्यका चिरस्मरणीय साधना-निकेतन।

जैन मन्दिर—

भोजपुरकी वास्तविक प्रसिद्धि प्रस्तुत शैव मंदिरको लेकर ही है। पर बहुत कम लोग जानते हैं कि यहां जैन मन्दिर भी है। महाकोसल और विंध्यप्रदेशमें जिस प्रकार शैव संस्कृतिका प्राधान्य है उसी प्रकार जैन संस्कृतिका भी प्राचुर्य है। तत्सन्निकटवर्ती मालवभूमि भी जैन संस्कृतिकी केन्द्रस्थली रही है। मौर्यकालसे लगा कर आजतक यहां जैनोंका बोलबाला रहा है। भोपाल राज्यके पुरातत्त्व पर अद्यावधि समुचित प्रकाश नहीं डाला गया है, केवल सांची और उदयगिरि ही प्रसिद्ध स्थानोंमें गिने जाते रहे हैं। पाठकोंको आश्चर्य होगा कि पुरातन जैन अवशेष और मूर्तिकलाकी उत्कृष्ट सामग्री भोपालके खंडहरोंमें अन्वेषकोंकी प्रतीक्षा कर रही है। मध्यकालीन जैन मूर्तिकलाकी ऐसी महत्त्वपूर्ण कलात्मक संपत्ति इस भू-भागमें

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बिखरी पडी है जिसके बिना संशोधनके उसका क्रमिक इतिहास ही अपूर्ण रहेगा–विशेषतः परमार कलाका शिल्प–भास्कर्य जैन अवशेषोंमें ही मिलेगा। मौर्यकालीन पालीश यहांकी विशेषता है जिसे महाराजा भोजने प्रारंभ किया था। अनुभवहीन कलाकार कभी कभी भ्रमित हो जाते हैं कि ये प्रतिमाएं मौर्ययुगकी तो नही हैं। भोपाल राज्यमें अमराबद, समसगढ़, इस्लामपुर, भोपालनगर और आशापुरी जैन प्रतिमाओंके साने हुए केन्द्र हैं। हजारों जैन कलाकृतियां सूचित स्थानोंमें बिखरी पडी हैं। भोपालके मुख्य मस्जिदकी सीढियोंमें एवं अंदर भागमें जैन प्रतिमाएं व अवशेषोंके चिह्न लगे हुए हैं। आर्य सुहस्तिसूरिका यह विहार प्रदेश रहा है। मानतुंगाचार्यका साधनास्थान तो आज भी भोपालके पास ही है।

महाराजा भोजकी परमसहिष्णुता विख्यात है। प्रस्तुत भोजपुरका शैव मंदिर व ऐतिहासिक बांध भोजकी सांस्कृतिक और लोकसेवाकी एसी कृतियां हैं जिन पर समूचा राष्ट्र गर्व कर सकता है। जिस समय मंदिरका निर्माण हो रहा होगा उस समय वहां जैनोंकी संख्या पर्याप्त रही जान पडती है। सूचित भोजपुरके शैव मंदिरसे एक फर्लांग दूर घनघोर अरण्यमें विशाल जैन मंदिरके अवशेष पडे हैं और मंदिरका जीर्णोद्धाररूप भी दृष्टिगोचर होता है। कहना चाहिए यह मंदिर एक बहुत ही गहरी खोहके किनारे बनाया गया है। यही नवाब साहबकी शिकारगाह है।

जब हम लोग जैन मंदिरकी ओर आगे बढ रहे थे ऐसा लग रहा था कि कहींसे वनराज अयाचित रूपसे दर्शन न दे बैठे। क्यों कि जानेका मार्ग तो है ही नहीं। अनुमानसे ही हम लोग बढे जा रहे थे। मंदिरके समीप पहुंचने पर अधतूटी जिनप्रतिमाएं दिखलाई पडी। स्वस्तिक, नंद्यावर्त्त और अन्य जैनसंस्कृति मान्य प्रतीक भी दिखलाई पडे। आगे बढने पर लता–गुल्मोंसे परिवेष्टित भव्य भवन दृष्टिगोचर हुआ। यही आलोचित जैन मंदिर है। पुरातन अवशेषोंको एकत्र कर किसी श्रद्धाजीवीने ढांचा खडा कर दिया है। कलाकी हत्या तो इस प्रकार हुई है कि देखते ही दिल रो पडता है। कलापूर्ण प्रतिमा और महत्त्वपूर्ण अवशेषोंको उटपटांग ढंगसे फिट कर दिये हैं। जामितीय रेखावाले स्तंभ उल्टे ही जड़ कर श्रद्धालु मानसने अपनेको कृत–कृत्य माना है। चतुर्दिग् स्थानको सावधानीपूर्वक देखनेसे अवगत होता है कि पहिले यहां पर ही मंदिर था, पर जैन समाजका संसर्ग न रहनेसे और मुस्लिम शासकोंकी आखेटचर्याका प्रधान स्थान होनेसे, या समुचित रक्षाके अभावमें धराशायी हो गया। १९५२ संवतमें किसी श्रद्धालुने जीर्णोद्धृत कर पुण्यार्जन किया।

कायोत्सर्ग प्रतिमा—

मंदिरमें विशाल काय त्रिगडा अवस्थित है। मध्यवर्त्ती प्रतिमा २० फीटसे अधिक ऊंची है। इससे कुछ कम ऊंची २२ अन्य प्रतिमाएं हैं। कलाकी दृष्टिसे मूर्त्तियां विशेष महत्त्वपूर्ण तो नहीं हैं पर हां, परमार मूर्त्ति–निर्माण कलाके बहुतसे उपकारणोंका व्यवहार

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इसमें हुआ है। कलचुरियोंका प्रभाव भी पडा है जो स्वाभाविक है। मेरे साथ जो सरकारी फोटोग्राफर थे उससे बडी कठिनाईसे प्रतिमाका चित्र लिया जा सका—वह भी दो प्लेट्स्में। प्रतिमाओंके दोनों ओर सीढी बनी है। बिना सीढीके अभिषेक असंभव है। प्रतिमाओंकी विशालता देखते हुए गर्भगृह पर्याप्त नहीं है। वह शायद ही २२ फीट चौडा रहा होगा। पर मंदिरकी विस्तृत परिधिसे अवगत होता है और कहा जा सकता है कि किसी समय वह ४ फर्लांगमें फैला रहा होगा। चारों ओर बहुत दूर—दूर तक अवशेष व दीवारोंके चिह्न विद्यमान हैं। प्रतिमा पर १२वीं शताब्दीका लेख है पर वह इतना अस्पष्ट है कि उसका पढा जाना संभव न था कारण कि न तो हमारे पास उस समय इतना अवकाश था न उचित प्रकाश हीका समुचित प्रबंध था। दूसरा कारण यह भी था कि गर्भगृह कुछ गहराईको लिए हुए है।

मंदिरके पास ही एक ध्वस्त खंडहरमें भैरूजीका स्थान बना है। जनता, स्वार्थमूलक भावनावश इनका यथोचित सम्मान करती है। यही तो जंगलके देवता भी माने जाते हैं।

शैव—मंदिरमें जैन प्रतिमा—

शैव मंदिरकी दीवारोंका पुनर्निर्माण भी अवशेषोंसे ही हुआ जान पडता है। एक दीवालमें अंबिका—गोमेध यक्षयुक्त भगवान् नेमिनाथकी प्रतिमा चिपका रक्खी है। इस शैव मंदिरके निर्माणमें जैनावशेषोंका खूब उपयोग हुआ है।

शिल्प—अध्ययनशाला—

कठोर प्रस्तर पर कमनीय भावावलियां तो भोजपुरकी आत्मा ही है किन्तु सबसे बडी विशेषता जो वहां विद्यमान है, मेरी विनम्र सम्मतिमें वह अनुपम है। सुन्दरतम शिल्पकृतियोंका निर्माण तो भारतके अन्य प्रान्तोंमें भी हुआ। कलाकारोंने हर्षोन्मत्त होकर जनताको रसद्वारा आनन्दका अनुभव भी कराया किन्तु उन कलाकारोंकी भावज्योतिको उद्दीपित करनेवाली प्रेरणाका प्रकाश कहांसे मिला और उनका खाका कैसा था आदिकी कल्पना ही क्लिष्ट है। भोजपुर इसका अपवाद है। मंदिरके निकट खुले मेदानोंकी चट्टानों पर कहीं प्रतिमाएं, कहीं स्तंभाकृतियां, कहीं जामितीय रेखाएं, आदिके विराट चित्रण-उत्खनन मिलते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे बहुतसे शिल्पी इन्हें देखकर अपनी कृतियोंका निर्माण करते रहे होंगे।

भोजपुरके मंदिरोंका कलाकौशल नयनप्रिय है। इसके समस्त अवशेषों पर विस्तृत रूपसे प्रकाश डालनेवाला मैंने एक स्वतंत्र ग्रंथ ही, भोपालके चीफ कमिश्नर श्रीभगवान सहाय आइ. सी. एस. और लोकप्रिय प्रधान मंत्री श्री डा. शंकरदयाल शर्माके आग्रहसे सचित्र तैयार किया है जो शीघ्र हीमें भोपाल सरकारकी ओर से प्रकाशित हो रहा है।

अंतमें हर्षमय संवाद देकर निबंध समाप्त करूंगा। मेरे मित्र श्रीकृष्णदेवजी (सुपरिंटेंडेंट आफ आर्कियोलोजी)ने मंदिरकी रक्षाका भार अपने ऊपर लेना स्वीकार कर लिया है और भोपाल शासनने पक्का मार्ग बनाना स्वीकार किया है।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

'उस्तरलाव' यंत्र संबंधी
एक महत्त्वपूर्ण जैन ग्रन्थ।

लेखक :—श्रीयुत अगरचंदजी नाहटा

भारतीय मनीषियोंकी उदार भावना विशेषरूपसे उल्लेखयोग्य रही है। इसीसे विदेशी जो कि भारतमें आये थे यहांके निवासियोंके साथ घुलमिलसे गये। उनके मान्य देवी-देवता रीति-रिवाज और बहुतसी मान्यताओंको भारतियोंने अपनेमें मिला दिया। भारतमें जो पारस्परिक विरोधीसे विभिन्न आचार और विचार पाये जाते हैं वे इसी देशी और विदेशी संस्कृतिके संगमके परिचायक हैं। इन अवशेषों द्वारा हम भारतनिवासियोंकी उदार नीतिका अच्छा अनुमान लगा सकते हैं। संस्कृतिकी भांति साहित्यादि क्षेत्रोंमे हमें भारतीय मनिषियोंकी उसी उदार नीतिका परिचय मिलता है। भारतीय वैद्यक और ज्योतिष--विज्ञानको ही लीजिए; उसमें ग्रीक, यूनान फारस आदि कई विदेशोंके विज्ञानको अपनाया गया प्रतीत होगा। तिब्बसहावी आदि विदेशी वैद्यक ग्रंथोंके कई हिन्दी पद्यानुवाद प्राप्त हैं, जिनमेंसे जैन विद्वान मल्लकचन्दका "वैद्य-विलास नाम अनुवाद भी उल्लेख योग्य है। इसी प्रकार ज्योतिषमें रमल आदि विद्याएं, शकुनावली आदि ग्रंथ अब यही भारतीय विद्वानों द्वारा संस्कृत और हिन्दी दोनों भाषाओंमें पाये जाते हैं। जैन विद्वान मेघविजय, विजयदेव मुनि एवं भोजसागरके रमलशास्त्र उपलब्ध हैं।

बीकानेर राज्यकी अनूप संस्कृत लायब्रेरीमें एक ऐसा ग्रंथ उपलब्ध हुआ है जो फारसके ज्योतिष विज्ञानसे संबद्ध है। प्रस्तुत ग्रंथका नाम 'उस्तारलाव यंत्र' सटीक है। अभी तक यह सर्वथा अज्ञात रूपमें रहा है और उसकी एक मात्र प्रतिलिपि उक्त लायब्रेरीमें ही उपलब्ध हुई है। अपने विषय पर भी भारतीय विद्वानों द्वारा रचित यह एक ही ग्रंथ है। इस कारण इसका महत्त्व निर्विवाद है। कई वर्ष पूर्व मैंने यह ग्रंथ देखा था पर उस समय इसका नाम विचित्रसा लगनेके साथ विषय भी स्पष्ट नहीं हो सका था, इसीलिये अब तक उस पर प्रकाश नहीं डाला गया। जब विद्वद्वर्य पूज्य मुनि श्रीपुण्यविजयजीका चतुर्मास बीकानेरमें हुआ था और पुरातत्त्वाचार्य मुनि जिनविजयजीका हमारे यहाँ पधारना हुआ, अतः इन दोनो विद्वानों और अन्य मुनियोंको मैं अनूप—संस्कृत—लायब्रेरीका अवलोकन करानेके लिये ले गया तब इस ग्रंथकी प्रतिको देखकर मुनि पुण्यविजयजी और विनयसागरजीको ग्रंथका नाम बड़ा विचित्र सा लगा और उन्होंने मुझसे पूछा कि यह ग्रंथ किस विषयका है? मेरे यह कहने पर कि ग्रंथ मैं पहले ही देख चुका हूं, विषय स्पष्ट नहीं हुआ, तो आपने उसे देखना प्रारंभ किया और उक्त लायब्रेरीमें पीतलके कुछ यंत्र ज्योतिष संबंधी पड़े हुए थे, ऐसे ही किसी यंत्रसे संबंधित इस ग्रंथको बतलाया। उस समय तो अवकाशाभावसे उसको पढ़कर विशेष नोट नहीं ले सका, पर इस महत्त्वपूर्ण ग्रंथका परिचय विद्वत्—जगत्को अवश्य कराना

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चाहिए, सोचकर अन्य एक दिन जाकर उसके नोट्स ले आया जिसे पाठकोंकी जानकारीके लिये यहाँ प्रकाशित किया जा रहा है।

प्रति–परिचय–प्रस्तुत ग्रन्थकी प्रति १२ पत्रोंकी है, जिनमेंसे पहले दो पत्रोंमें मूल संस्कृत ग्रंथ ३८ श्लोकोंमें है। अवशेष १० पत्रोंमें पहले मूल श्लोक फिर उसकी संस्कृत टीका– और तदनन्तर राजस्थानी भाषामें स्पष्टीकरणरूप भाषाटीका है। प्रारंभिक दो पत्रोंमें मूल ग्रंथ ४९ पंक्तियोंमें लिखा हुआ है और प्रतिपंक्ति ४२के लगभग अक्षर हैं। अवशेष १० पत्रोंमें प्रति पृष्ठ १४ पंक्तियां और प्रति पंक्ति ४० अक्षर हैं। प्रति संवत् १६००के चैत वदी ८ रविवारको लिखी गयी है, आगे पुष्पिकालेख पर हरताल फिरी होनेसे अक्षर दब गये हैं, अतः पढ़े नहीं जा सके।

उस्तरलाव शब्दका अर्थ–ग्रंथके नाम उस्तरलावके संबंधमें अनुसंधान करने पर उर्दू–हिन्दी कोषमें वह 'उस्तुरलाव' और उसका अर्थ 'नक्षत्र यंत्र' लिखा मिला है। (उस्तुरलाव–संज्ञा स्त्री० (यू०) नक्षत्र) विशेष जानकारी अपेक्षित है।

ग्रंथकार–ग्रंथकारने प्रारंभिक दो श्लोकोंमें अपना नाम 'मेघरत्न' दिया है। इसके अतिरिक्त उसके गच्छ, गुरु, और रचनासमय आदिके संबंधमें कुछ भी जानकारी इस ग्रंथमें नहीं दी गयी है, पर कुछ वर्ष पूर्व इन्हीं ग्रंथकार द्वारा रचित 'सारस्वत–प्रक्रिया–व्याकरण'की दीपिका टीका उपलब्ध हुई थी जिससे तीनों बातोंका पता चल जाता है। सारस्वत दीपिकाकी प्रतियों तो कई उपलब्ध हुई हैं पर इनमेंसे अधिकांश प्रतियां पूर्वार्धकी हैं, अतः उनमें रचनाकाल और गच्छका निर्देश नहीं पाया जाता, उनसे तो केवल ग्रंथकारके गुरुका नाम विनयसुन्दर था यही पता चलता है, पर हमारे संग्रहमें इसके उत्तरार्धकी एक प्रति उपलब्ध है जिससे ये बड़गच्छीय थे और इस दीपिकाकी रचना संवत् १५३६में हुई है, निश्चित होता है, प्रशस्ति श्लोक इस प्रकार है –

" विनयसुन्दरं सच्चरणाम्बुजप्रवरेणुप्रवित्रितमस्तकः।
विदधे स्म च **मेघ** इमं, मुदा ऋतुगुणेषु शशांककः॥"।

इति श्रीवटगच्छाम्बुजाकरविकासनदिनकरश्रीविनयसुन्दरशिष्यमेघरत्नविरचिता सारस्वत –दीपिका संपूर्णम् (र्णा)॥

जिनरत्नकोषके पृष्ठ ४३४में इस टीकाका नाम 'ढुंढिका' और ग्रंथकर्ताको बृहत्-खरतरगच्छीय होना बताया है। ग्रंथका परिमाण भी उसमें ४५०० श्लोकका होना बताया गया है, पर ठीक नहीं है। उपरोक्त प्रशस्तिसे उनका गच्छ, 'वटगच्छ' निश्चत ही है। ग्रंथके परिमाणके संबंधमें मैंने इसकी प्रतियोंका निरीक्षण किया तो पूर्वार्द्धकी सबसे प्राचीन प्रति संवत १६०५की लिखी हुई महिमाभक्ति भंडारमें उपलब्ध हुई। उसके पत्र १०९ हैं। प्रति पृष्ठ १६ पंक्तियां और प्रति पंक्ति करीब ५६ अक्षर हैं, जिसकी गणना करनेसे

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पूर्वार्द्धका परिमाण ६००० के करीबका बैठता है। हमारे संग्रहकी उतरार्द्धकी प्रतिमें १५०० श्लोक करीब हैं। इस प्रकार पूरी प्रतिका परिमाण ७५०० श्लोकका होता है। महिमाभक्ति भंडारकी प्रतिमें ग्रंथकारको 'बृहद्गच्छीय' लिखा है, वटगच्छीय, बृहद्गच्छ और बड़गच्छ तीनों एकार्थक है। प्रशस्ति इस प्रकार है:—

"इति श्रीबृहद्गच्छे वाचकश्रीविनयसुन्दरशिष्य-मेघरत्नविरचितायां सारस्वतदीपिकायां तद्धितप्रकरणार्थः ॥

लेखन पुष्पिका—सं० १६०५ वर्षे कार्तिक सुदी ११ दिने थावरवारे श्रीबृहत्खरतरगच्छे श्रीजिनमाणिक्यसूरिविजयराज्ये ॥ वा० श्रीक्षेमकीर्त्तिसद्गुरोस्तेषां शिष्य वा० श्रीक्षेमराजमहोपाध्यायमिश्रास्तेषां विनयाणूनां वा० श्रीदयातिलकगणिः, तच्छिष्यः प्रमोदमाणिक्यगणिः, तच्छिष्यः पंडितपद्ममंदिरमुनिः, पं. गुणदंगमुनिः, पं. दयारंगमुनिः, चिरंजीवी जेसिंघकृते प्रतिरियं लिखिता स्वपरोपकाराय ॥ शुभं भवतु। लेखपाठकयोः कल्याणं भवतु॥ श्रीविनादेसरमध्ये श्रीकुन्थुनाथप्रसादात् ॥ शुभं भवतु। कुंवर-श्रीरतनसीविजयराज्ये श्रीपार्श्वनाथप्रसादात् शुभं भवतु। श्रीजिनकुशलसूरिप्रसादात् शुभं कल्याणं कुरु कुरु वाचकानाम् ॥"

प्रति खरतरगच्छकी लिखी हुई है और लेखकने ग्रन्थकारको बृहद्गच्छीय बतलाया है। अतः संदेहकी कोई गुंजाईश नहीं। प्रति जैसिंहके लिये लिखी गयी है। संभव है इसके पूर्व 'चिरं' शब्द होनेसे उनकी उस समय दीक्षा नहीं हुई होगी, छोटी ही उमर होगी पर ये जैसिंह आगे चलकर बहुत बड़े विद्वान हुए हैं। उनका नाम जयसोम उपाध्याय था। 'कर्मचन्दमंत्रिवंशप्रबंध, पौषधषड्त्रिंशिका, प्रश्नोत्तर' आदि ग्रन्थ प्राकृत, संस्कृत और राजस्थानी तीनों भाषाओंके उपलब्ध हैं। अपने समयके खरतरगच्छीय विद्वानोंमें यह बड़े गीतार्थ माने जाते थे। इनके शिष्य महोपाध्याय गुणविनय और प्रशिष्य मतिकीर्त्ति भी अच्छे विद्वान थे।

इस विद्वत्परंपराका परिचय हमने अपने 'युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि' और 'नेमिदूतकाव्यशक्ति'की प्रस्तावनामें दिया है। 'सारस्वतदीपिका'की एक प्रति अनूपसंस्कृत पुस्तकालय, उज्जैनके यति प्रेमविजयजीके संग्रहमें और भांडारकर इस्टीट्यूट (पूना)में भी है। स्व० मुनि हिमांशुविजयजीने इसके मंगलाचरणके श्लोक आदि उद्धृत करते हुए 'प्राचीन ग्रन्थ परिचय' शीर्षक लेखमें इस वृत्तिका परिचय दिया है। आपने लिखा है—'यह वृत्ति बहुत सुन्दर और विशद हैं,[1] अतः इसके प्रकाशन होनेसे जैन और जैतनेर सभी व्याकरणके विद्यार्थियोंको बड़ा लाभ हो सकेगा। [क्रमशः]

१. कातंत्रके बाद सारस्वत व्याकरणका जैन समाजमें बड़ा प्रचार रहा है। इस पर १०-१२ टीकाएँ जैन विद्वानों द्वारा बनाइ हुइ उपलब्ध है जिनमें मेघरत्नकी दीपिका सबसे प्राचीन है। इसके परवर्ती चंद्रकीर्तिसूरि-टीका तो कुछ प्रसिद्ध है, जिसके जैनेतर संस्थाओंने कई संस्करण निकाले हैं।

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

'પ્રેમવાણી' પુસ્તિકાનો પડઘો

[સૌરાષ્ટ્ર અને ગુજરાત ભરમાં 'પ્રેમવાણી' પુસ્તિકાના પ્રચારથી કેવો અનિષ્ટ પડઘો પડ્યો છે એની ભૂમિકા અને પરિસ્થિતિ અંગે પૂ. પં. શ્રી કનકવિજયજી મ.નો પત્ર ખૂબ સૂચક હોવાથી અહીં આપીએ છીએ. સાથોસાથ એ પુસ્તિકાનો વિરોધ કરતા ઠરાવો અને તારો કયાં કયાંથી તેમના પર આવ્યા છે, તેના સમાચાર અહીં આપીએ છીએ. સં પા.]

પૂ. પંન્યાસજી મ. નો પત્ર

રાજકોટ— જૈન તપગચ્છ ઉપાશ્રય : માંડવી ચોક, દેશોશેરી; તા. ૨૨–૯–૫૪.

પં. કનકવિજયજીગણિ આદિ તરફથીઃ તંત્રી શ્રી જૈન સત્ય પ્રકાશ, વ્યવસ્થાપક : ધર્મશીલ પંડિત શ્રીયુત અંબાલાલ પ્રેમચંદ યોગ્ય : ધર્મલાભ. અત્રે દેવગુરુની કૃપાથી સુખશાતા છે. સત્યપ્રકાશનો ચાલુ અંક જોયોઃ સમયોચિત જે કાંઈ લખાણ તમે સંપાદકીયમાં લખેલ છે, તે યથાર્થ છે અને આવશ્યક તથા સાર્થક છે.

'પ્રેમવાણી' પુસ્તિકાના લખાણથી આપણને કાંઈ એટલું લાગતું નથી, પણ આજે સૌરાષ્ટ્રમાં નાના ગામડાથી માંડીને મોટા શહેર સુધીમાં જે એકતાની સાંકળ જોડાઈને પડી છે, તેમાં આ એક ફટકો પડે છે. ગમે તેવા માણસો દેવદ્રવ્ય માટે કે મૂર્તિ યા મંદિર માટે બોલે કે લખે તે માટે આપણને કશું લાગે નહિ. કારણ કે, વર્તમાનયુગમાં એવું બધું ચાલવાનું.

પણ આ બાજુઃ શ્વેતાંબર સંપ્રદાયના બંને ફિરકાઓ ઐકચપૂર્વક રહ્યા છે, તેમાં વર્ધમાન શ્રમણસંઘના પ્રચારમંત્રી ઠેઠ પંજાબના પ્રદેશમાંથી અચાનક પહેલ વહેલા અત્રે આવીને જે આ ધડાકો કરે છે અને પોતાના અનુયાયી દ્વારા તે પુસ્તિકાનો દેશ–પરદેશમાં જે પ્રચાર કરાવે છે, તેમાં જે સંપ્રદાય ઝનૂન કામ કરી રહ્યું છે, તેનો જ આપણે વિરોધ કરવાનો રહે છે.

શ્વે. મૂર્તિ. જૈનોના ધાર્મિક દ્રવ્યની લોકોમાં ગેરસમજ આમાં ઈરાદાપૂર્વક ઊભી કરવાનો બાલીશ પ્રયત્ન કરવામાં આવ્યો છે કે જાણે જૈનો પૈસા દેવમંદિરોમાં ભેગા કરે છે, કોઈ જાતની માનવદયા તેમને નથી. જે જૈનો ઉદાર હાથે દયાદાનના ફંડફાળામાં લાખો ખરચે છે, તે જૈનો પર ઈરાદાપૂર્વક લોકમાનસ વિકૃત થાય તેવો આ પ્રચારમાં સિફતપૂર્વક પ્રયત્ન થયો છે.

જગડુશા, ભામાશા, દયાલદાસ, વસ્તુપાલ, વિમળશા વગેરેએ મંદિરો બંધાવ્યાં છે, તે રીતે પરોપકારનાં કાર્યો પણ કર્યાં છે. આજે પણ શ્વે. મૂર્તિપૂજક સંપ્રદાયના જૈનો ઉદાર હાથે જીવદયાના સત્કાર્યોમાં પોતાની સંપત્તિનો શુભ વ્યય કરી રહ્યા છે.

સૌરાષ્ટ્રભરમાં સ્થાનકોમાં આ પુસ્તિકાનો પ્રચાર થયો છે, એટલે લોકમાનસમાં આપણા પ્રત્યે ઘૃણા પેદા કરવાનો જ આમાં આશય છે. આમાં અત્રેના શ્રીમંત વર્ગનો ધમંડ યા સંપ્રદાય ઝનૂનનો સહકાર મળ્યો છે. નહિતર અત્યાર સુધી આ બાજુના સંપ્રદાયના સ્થાનકવાસી સાધુઓ કોઈ દિવસે આવું બોલે કે જાહેરમાં પ્રચાર કરે, તેવું બન્યું નથી.

રાજકોટમાં તેઓનાં ૨૦૦૦ ઘર છે. સ્થિતિ સંપન્ન છે. ગોંડળ, મોરબી, વાંકાનેર, પોરબંદર, જેતપુર, જૂનાગઢ વગેરેમાં તેઓની વસ્તી વધારે. સ્થિતિસંપન્ન પણ સારા; એટલે આ રીતે સાંપ્રદાયિક

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ઝનૂનનો પ્રચાર કરવામાં તેઓ સાહસ કરી રહ્યા છે. આજે ૨૦–૨૦ દિવસ થયા, અત્રેનો આપણો સંઘ તે લોકોના આગેવાનો સાથે વાટાઘાટ કરી રહ્યો છે, ફક્ત ચોપડી પાછી ખેંચી લે અને મૂ૦ પૂ૦ સંપ્રદાયના સંઘોની લાગણી દુભાઈ છે. તે માટે દિલગીરી વ્યક્ત કરે; આટલી જ શરત; છતાં તે લોકો સહેજ પણ નમતું નથી આપતા, આપણાં ૩૦૦ ઘરોઃ અમુક સ્થિતિપાત્ર; અને બાકીના સાધારણઃ એનો એ લોકો ગેરલાભ લે છે.

એટલે હવે અત્રેનો સંઘ ઠરાવ કરનાર છે. બાકી સૌરાષ્ટ્ર તથા ગુજરાતના શ્રીસંઘો તરફના વિરોધના ઠરાવો તથા તારો સ્થા૦ સંઘ પર આવી રહ્યા છે.

નાગપુર, મોરબી, વેરાવળ, વાંકાનેર, જામનગર, જામ કંડોરણા, પાલીતાણા, મહેસાણા, સાણંદ, દાદર, પ્રભાસપાટણ, પાટણ–ગૂજરાત ઇત્યાદિના આવ્યા છે.

આના અંગે વર્તમાન પરિસ્થિતિ તમારી દૃષ્ટિ સમક્ષ જણાવી છે; પુસ્તિકાના લખાણનો વિરોધ, ફક્ત જે માનસ આની પૂંઠે કામ કરી રહ્યું છે, અને પરિણામે જે પ્રદેશમાં આજે બંને સંપ્રદાયના ભાઈ–બહેનો એક નાના ગામડામાં એકદિલ પૂર્વક ઐક્ય સાધી રહ્યા છે તેમાં, આ પ્રચારના ઝનૂનથી ભયંકર વિક્ષેપનાં બીજ પરિણામે વવાઈ રહેવાનો ભય છે, તે સામે જ આ સાવચેતીના સૂર તરીકે આપણો પ્રયત્ન છે.

બાકી આ ચોપડી કરતાં યે ઘણું ખરાબ આપણા સંપ્રદાયના ભાઈઓ બોલે છે–અને લખે છે, પણ તેમાં આવો ભય નથી. તેમાં ભય જુદો છે. એ જ.

'પ્રેમવાણી'ના વિરોધમાં

તા. ૧૧–૧૦–૫૪ સુધી જે જે ગામો તથા શહેરોના સંઘોએ તારો, ઠરાવો દ્વારા સ્થા. જૈન સંઘ-રાજકોટ ઉપર 'પ્રેમવાણી'ને અંગે વિરોધ નોંધાવ્યો છે તેની યાદિ—

સૌરાષ્ટ્ર :—વેરાવળ, પ્રભાસપાટણ, જુનાગઢ, ધોરાજી, જામ કંડોરણા, જામનગર, વણથલી, વાંકાનેર, મોરબી, વઢવાણ શહેર, જોરાવરનગર, લીંબડી, શીહોર, વરતેજ, પાલીતાણા–ખુશાલભુવન, આરીસાભુવન, નોંધણવદર, મોટી વાવડી, ગારીયાધર, ભાણવડ, મૂલી, સાયલા, માંગરોલ, ચોટીલા.

ગુજરાત :—ઝીંઝુવાડા, સમી, પાટણ, મહેસાણા, રાંધેજા, સરીયદ, કંબોઈ, નડીયાદ, સુરત ખંભાત, નવસારી, વાપી, દાદર, માટુંગા, ડભોઈ, અમદાવાદ–ડહેલાનો ઉપાશ્રય.

મહારાષ્ટ્ર :—શાહપુર, ધોટી, નાસિક, સીન્નર, વણી, માલેગામ, રાજનાંદગામ, જલગામ, અમલનેર, સીરસાલા.

કલકત્તા, નાગપુર, જાવાલ–મારવાડ.

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

૧૫] પૂ. આ. શ્રી વિજયદર્શનસૂરીશ્વરજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન સંઘ, **તળાજા.**

૧૫] પૂ. મુનિરાજ શ્રી ધર્મસાગરજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન સંઘ, **નાગપુર.**

૧૨] પૂ. આ. શ્રી વિજયરામસૂરીશ્વરજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન સંઘ, **જાવાલ.**

૧૧] પૂ. પં. શ્રી ભાનુવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન સંઘ, **ડભોઈ.**

૧૦] પૂ. આ. શ્રી વિજયભક્તિસૂરીશ્વરજી મ. ના સદુપદેશથી શા. રતિલાલ ઓધવજી, **પાલીતાણા.**

૧૦] પૂ. પં. શ્રી પ્રતીણવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન સંઘ, **શાહપુર (થાણા).**

૧૦] પૂ. પં. શ્રી મેરુવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન શ્વેતાંબર મંદિરમાર્ગી સંઘ, **સાદડી.**

૧૦] પૂ. મુનિરાજ શ્રી કીર્તિવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન સંઘ, **બેંગલોર.**

૧૦] પૂ. મુનિરાજ શ્રી મેરુવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન ઉપાશ્રય સંઘ, **જૂના ડીસા.**

૮૮ પૂ. મુનિરાજ શ્રી લલિતવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી નાગરાજજી. **અદોની (આંધ્ર).**

૭] પૂ. મુનિરાજ શ્રી રાજેન્દ્રવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન સંઘ, **પાડીવ.**

૭] પૂ. ઉપા. શ્રી ધર્મવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શેઠ આણંદજી કલ્યાણજીની પેઢી, **લીંબડી.**

૫] પૂ. મુનિરાજ શ્રી પ્રીતિતત્ત્વવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી જૈન સંઘ, **જબલપુર.**

૫] પૂ. મુનિરાજ શ્રી અશોકવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન સંઘ, **ઉણ.**

૫] પૂ. મુનિરાજ શ્રી સુબોધવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન સંઘ, **સરદારપુર.**

૫] પૂ. મુનિરાજ શ્રી રુચકવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન તપગચ્છ સંઘ, **વાંકાનેર.**

૫] પૂ. આ. શ્રી વિજયભુવનતિલકસૂરીશ્વરજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી તપગચ્છ જૈન સંઘ, **માંડવી.**

૫] પૂ. મુનિરાજ શ્રી ચિદાનંદવિજયજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી વિજયઆણસુર મોટા ગચ્છ વ૦ કમિટી. **સાણંદ.**

૫] પૂ. મુનિરાજ શ્રી સૌભાગ્યસાગરજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી નરેંદ્રભાઈ ડાહ્યાભાઈ કાપડિયા, **જંબૂસર.**

૫] પૂ. આ. શ્રી ઋદ્ધિસાગરસૂરીશ્વરજી મ. ના સદુપદેશથી શ્રી જૈન મહાજન, **દાઠા.**

પૂ. આ. શ્રી વિજયકલ્યાણસૂરીશ્વરજી મ. સં. ૨૦૧૦ ના શ્રાવણ વદિ ૯ ના રોજ જામનગરખાતે કાળધર્મ પામ્યા.

પૂ. આ. શ્રી વિજયવલ્લભસૂરીશ્વરજી મ. સં. ૨૦૧૦ ના ભાદરવા વદિ ૧૦ ના રોજ મુંબઈખાતે કાળધર્મ પામ્યા.

બંને પૂ. આચાર્ય મહારાજો અમારી સમિતિને ઉત્સાહ અને પ્રેરણા આપતા, તેમની ખોટ અમારી સમિતિને જ નહિ પણ આખાયે જૈન સમાજમાં ન પૂરાય એવી છે. આ પ્રસંગે અમે તેમને કૃતજ્ઞપણે શ્રદ્ધાંજલિ ધરીએ છીએ.

For Private And Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

Shri Jaina Satya Prakasha. Regd. No. B. 3801 **શ્રી જૈન સત્ય પ્રકાશ**

શ્રી જૈન સત્ય પ્રકાશ

અંગે સૂચના

યોજના

૧. શ્રી. જૈનધર્મ સત્ય પ્રકાશક સમિતિ દ્વારા 'શ્રી. જૈન સત્ય પ્રકાશ' માસિક ૧૯ વર્ષ થયાં પ્રગટ કરવામાં આવે છે.

૨. એ સમિતિના આજીવન સંરક્ષક તરીકે રૂા. ૫૦૦) આ૦ દાતા તરીકે રૂા. ૨૦૦) આ૦ સદસ્ય તરીકે રૂા. ૧૦૧) રાખવામાં આવેલા છે. આ રીતે મદદ આપનારને કાયમને માટે માસિક મોકલવામાં આવે છે.

વિનંતિ

૧. પૂજ્ય આચાર્યાદિ મુનિવરો ચતુર્માસનું સ્થળ નક્કી થતાં અને શેષ કાળમાં જ્યાં વિહરતા હોય એ સ્થળનું સરનામું માસિક પ્રગટ થાય એના ૧૫ દિવસ અગાઉ મોકલતા રહે અને તે તે સ્થળે આ માસિકના પ્રચાર માટે ગ્રાહકો બનાવવાનો ઉપદેશ આપતા રહે એવી વિનંતિ છે.

૨. તે તે સ્થળોમાંથી મળી આવતાં પ્રાચીન અવશેષો કે ઐતિહાસિક માહિતીની સૂચના આપવા વિનંતિ છે.

૩. જૈનધર્મ ઉપર આક્ષેપાત્મક લેખો આદિની સામગ્રી અને માહિતી આપતા રહે એવી વિનંતિ છે.

ગ્રાહકોને સૂચના

૧. "શ્રી જૈન સત્ય પ્રકાશ" માસિક પ્રત્યેક અંગ્રેજી મહિનાની ૧૫મી તારીખે પ્રગટ થાય છે.

૨. આ માસિકનું વાર્ષિક લવાજમ રૂા. ૩) ત્રણ રૂપિયા રાખવામાં આવ્યું છે.

૩. માસિક વી. પી. થી ન મંગાવતાં લવાજમના રૂા. ૩) મનીઑર્ડરદ્વારા મોકલી આપવાથી અનુકૂળતા રહેશે.

૪. આ માસિકનું નવું વર્ષ દિવાળીથી શરૂ થાય છે. પરંતુ ગ્રાહક ગમે તે અંકથી બની શકાય.

૫. ગ્રાહકોને અંક મોકલવાની પૂરી સાવચેતી રાખવા છતાં અંક ન મળે તો સ્થાનિક પોસ્ટ ઑફિસમાં તપાસ કર્યા પછી અમને સૂચના આપવી.

૬. સરનામું બદલાવવાની સૂચના ઓછામાં ઓછા ૧૦ દિવસ અગાઉ આપવી જરૂરી છે.

લેખકોને સૂચના

૧. લેખો કાગળની એક તરફ વાંચી શકાય તેવી રીતે શાહીથી લખી મોકલવા.

૨. લેખો ટૂંકા, મુદ્દાસર અને વ્યક્તિગત ટીકાત્મક ન હોવા જોઈએ.

૩. લેખો પ્રગટ કરવા ન કરવા અને તેમાં પત્રની નીતિને અનુસરીને સુધારોવધારો કરવાનો હક તંત્રી આધીન છે.

મુદ્રક : ગોવિંદલાલ જગશીભાઈ શાહ, શ્રી શારદા મુદ્રણાલય, પાનકોર નાકા, અમદાવાદ.
પ્રકાશક : ચીમનલાલ ગોકળદાસ શાહ.
શ્રી. જૈનધર્મ સત્ય પ્રકાશક સમિતિ કાર્યાલય, જેશિંગભાઈની વાડી, ઘીકાંટા રોડ—**અમદાવાદ.**

For Private And Personal Use Only